| 125 | Vinod Kumar | S/o Rajendra Kumar - Kachhpura Hatisha Bhagwantpur Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 126 | Ramvati | W/o Raju Vikrant Nagar, Unt Gali Mohalla Tarphara, Hathras NPP OG, Mahamaya Nagar, 204101 |
| 127 | Amar Kant Singh | S/o Gangaram Sathiya Sasni Hathras Hathras Dehat (ct) Mahamaya Nagar Pincode:204101 |
| 128 | Maaruti Food Products Partner 1- Neerajgautam 2- Vikaskumar | Bhagwantpur Hathras Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 129 | Deepu Kumar | S/o Sodan Singh Ruheri Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 130 | Riyasat Ali | S/o Allanoor Lahra Wali Gali Qila Gate Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 131 | Rajni | Mohalla Garhi Tamna Aligarh Road Hathras Pincode: 204101 |
| 132 | Suvedar Singh | S/o Harishankar, Kilagate Siyal, Hathras Dehat (ct) Hathras Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 133 | Anil Kumar | S/o Hari Shankar Mohalla Lal Diggi Hathras Hathras Dehat (ct) Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 134 | Vasim | S/o Sakil Lala Ka Nagla Hathras Hathras Dehat (ct) Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 135 | TarunaVarshney | W/o Kamal Kant Varshney Gali No.3 - Girraj Kolony Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 136 | Salman | S/o Jafruddin Khan Pathasr Wali Road Iglas Adda Sk Public S Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 137 | Neeraj | Mohalla Garhi Tamna Aligarh Road Hathras Pincode: 204101 |
| 138 | Rinku | Bhagawantpur Po Hathras Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 139 | Vidhya | W/o Suresh Shri Nagar Hathras Hathras Dehat (ct) Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 140 | BasdevMahaur | Kothi Belenshah Hathras Hathras NPP OG Hathras Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 141 | Anshu Devi | Not Available |
| 142 | Sanjay Taumar | Gali No -01 Vishnupuri, NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 143 | Jogendra Singh | Ram Nagla Gangchauli Hathras U.P. Hathras Pincode: 204101 |
| 144 | Rohit Varshney | S/o: Rakesh Varshney, Jain Gali, Hathras Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 145 | Nitin Saxena | Chintaharan Road, Madhugadhi, Hathras Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 146 | Amzad | Iglas Add Hathras Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode:2 04101 |
| 147 | Murarilal | S/o Rajendra Singh Tata Tower Ke Paas Ramanpur Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 148 | Brajrani Food products, Prop. Niraj Garg | Braj Rani Food Products New Saket Colony Moja Ramanpur Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 149 | Mohammad Shahid | S/o Allanur . Lala Ka Nagla Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 150 | Imran | S/o Nirankal Khan M N.335navipur Khurd Thana Kotwali Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 151 | Yusuf | So Baser Khan Tarafara Tehara Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 152 | Mahavir | S O Preman Singh Kunwar Ji Ka Nagla Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 153 | Mridul Textiles Prop. PrafullVarshney | Shop Punjabi Market Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 154 | Pankaj | S/o Kanhaiya 83/1319 Kashiram Colony Jal Jalesar Road Hathras Hathras Npp Og Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 155 | Avid Ali | Lal Ka Nagla Hathras Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 156 | Radheylal | 75 Hathras Hathras Dehat (ct) Hathras Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 157 | Irfan | Kindal Ruheri Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 158 | Irfan | S/o: Jameel Khan- Ruhedi Kindauli Ruheri Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 159 | Pramod | S/o: Bijendra Singh Naglarani Po Sokhana Hathras Dehat NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 160 | Ruvi Devi | 12 Hathras Hathras Hathras Dehat (ct) Sathiya Hathras Mahamaya Nagar Pincode: 204216 |
| 161 | Asha Meena | W/o Kishor Kumar Village Bojiya Post Gangchauli Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 162 | Manju | Wo Sodan Singh Ruheri Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode:204101 |
| 163 | Pavan Kumar | S/o: Banwari Lal 033 - Kota Mohanpur Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204213 |
| 164 | Bachchu Singh | S/o Radhe Shyam , Kila Gate, Shiyal, Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 165 | Ajit Singh | S O Manik Singh Chintapur Sokhana Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 166 | TarunaVarshney | W/o: Kamal Kant Varshney Gali No.3 - Girraj Kolony Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 167 | KavitaVerma | W/o Pankaj Verma, Khati Khana, nera Ganga Mandir, Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 168 | Pavan | S/o: Banwari Lal 033 - Kota Mohanpur Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204213 |
| 169 | Amar Kant Singh | S/o Gangaram Sathiya Sasni Hathras Hathras Dehat (ct) Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 170 | Basdev Mahaur | Kothi Belenshah Hathras Hathras Hathras NPP OG Hathras Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 171 | Salman | S/o Jafruddin Khan Pathasr Wali Road Iglas Adda Sk Public S Hathras Hathras NPP OG Mahamaya Nagar Pincode: 204101 |
| 172 | Babloo (Proprietor Shail Enterprises) | Not Available |
| 173 | Brajesh | Not Available |
| 174 | Vikas Sharma | Not Available |
| | **Designation: Firm** | |
| 175 | Sahil Enterprises | Not Available |

**Designation: Vendors**

176. Hemant Kumar Duve- Sahil Enterprises (Vendor), 177. Najim- Sahil Enterprises (Vendor), 178. Salman- Sahil Enterprises (Vendor), 179. Neeraj- Sahil Enterprises (Vendor), 180. Zakir- Sahil Enterprises (Vendor), 181. Rajni- Sahil Enterprises (Vendor), 182. Maaruti Food Products Partner Neeraj gautam & Vikas Kumar- Sahil Enterprises (Vendor), 183. Haneef Khan- Bhawna Food Product (Vendor), 184. Suvedar- Bhawna Food Product (Vendor), 185. Jaan-Mohammad- Kamlesh Garment (Vendor), 186. Meera Devi- Kamlesh Garment (Vendor), 187. Vidhya- Kanika garments(Vendor), 188. Girish Kumar- New Kanika Garments(Vendor), 189. Anshu Devi- Kanika garments(Vendor), 190. Sanjeev Kumar- Mahalaxmi Handicraft- (Vendor), 191. Riyasat Ali- Mahalaxmi Handicraft- (Vendor), 192. Sanjay Taumar- Rajesh kumar Dixit (Vendor), 193. Basdev Mahur- Riya Enterprises (Vendor), 194. Anil Kumar- Satyapal Enterprise (Vendor), 195. Ramwati- Satyapal Enterprise (Vendor), 196. Vasim- Satyapal Enterprise (Vendor), 197. Deepu Kumar- Maa Durga Corporation- (Vendor), 198. Taruna Varshney- Maa Durga Corporation- (Vendor), 199. Rinku- Maa Durga Corporation- (Vendor), 200. Amar Kant Singh- Premi Builders (Vendor), 201. Gyanendra Singh- Premi Builders (Vendor), 202. Salman- Bablu Spare Parts (Vendor), 203. Krishna Kumar- Shivam Traders (Vendor), 204. Vinod Kumar- Shyam Handicrafts (Vendor), 205. Jeetu- Deepak Aditya (Vendor)

Now, by means of this paper publication of this notice, the Bank advises the above mentioned borrowers, vendors and middlemen to forthwith approach our Indian Bank (Hathras Main Branch) to collect the notice within 7 days from the date of publication of this notice and to respond within 21 days from the date of collection of the notice. In case, if we don't receive any response within 21 days after collection of the notice or the notice is not collected within 7 days from the date of this publication, it will be treated and deemed that they don't have any submission in the matter and the Bank shall proceed further in the matter.

## संक्षेप में

### बायोगैस : 5,000 करोड़ रु के निवेश की आस

इंडियन बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने कहा कि निवेशकों और हितधारकों की मजबूत रुचि के चलते 2026-27 में बायोगैस क्षेत्र में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होने की उम्मीद है। उद्योग निकाय ने बयान में कहा कि अभी तक 100 से अधिक कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र शुरू किए जा चुके हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 94 सीबीजी संयंत्रों ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 31,400 टन से अधिक सीबीजी की बिक्री की। इससे वृद्धि और बाजार में स्वीकार्यता का ठोस प्रमाण मिलता है। इसके अलावा लाखों की संख्या में छोटे पैमाने के पारंपरिक बायोगैस उपक्रमों में दक्षता सुधार और क्षमता उपयोग की पर्याप्त गुंजाइश मौजूद है। *भाषा*

### एनएचपीसी चालू करेगी दूसरी इकाई का संचालन

सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनएचपीसी मंगलवार को 2,000 मेगावॉट क्षमता वाली सुवनसिरी निचली जलविद्युत परियोजना की दूसरी इकाई का वाणिज्यिक संचालन शुरू करेगी। इसकी लागत लगभग 27,000 करोड़ रुपये है। एनएचपीसी अरुणाचल प्रदेश और असम की सीमा पर उत्तरी लखीमपुर के पास आठ गुणा 250 मेगावॉट क्षमता वाली इस जलविद्युत परियोजना का निर्माण कर रही है। *भाषा*

# ग्रीन हाइड्रोजन, बैटरी स्टोरेज, टीऐंडडी पर एलऐंडटी का दांव

**प्राची पिसाल और सुधीर पाल सिंह**
21 दिसंबर, सातारा/नई दिल्ली



कंपनी तेजी से बढ़ती पारेषण एवं वितरण श्रेणी के बीच सालाना 10 गीगावॉट से 12 गीगावॉट के रिन्यूएबल ईपीसी ऑर्डर हासिल करने का लक्ष्य बना रही है

लार्सन ऐंड टुब्रो (एलऐंडटी) ग्रीन हाइड्रोजन को सबसे अहम श्रेणी के तौर पर देख रही है, क्योंकि इस क्षेत्र में वह अपनी लगातार मौजूदगी बढ़ा रही है। बड़े स्तर वाला बैटरी स्टोरेज और पारेषण एवं वितरण (टीऐंडडी) कारोबार कंपनी के बिजली उत्पादन व्यवसाय के लिए वृद्धि के प्रमुख संचालक बने हुए हैं।

एलऐंडटी के पूर्णकालिक निदेशक और वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष (यूटिलिटीज) टी माधव दास ने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन एलऐंडटी के लिए सबसे अहम श्रेणी है। उन्होंने बिजनेस स्टैंडर्ड के साथ बातचीत में कहा, 'अपने ऊर्जा पोर्टफोलियो के तहत हमने एलऐंडटी एनर्जी ग्रीन टेक लिमिटेड नाम से अलग कंपनी बनाई है। हम परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। लेकिन हम ऐसा चरणबद्ध रूप से कर रहे हैं। हम खुद को एक बार में फैलाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। हमने पहले ही ऐसी दो से तीन परियोजनाएं ले चुके हैं जिन्हें हम पूरा करना चाहते हैं और देखना चाहते हैं कि उनसे क्या परिणाम मिलते हैं।'

दूसरी तरफ कंपनी 'तेजी से बढ़ती' टीऐंडडी श्रेणी के बीच सालाना 10 से 12 गीगावॉट के रिन्यूएबल ईपीसी ऑर्डर हासिल करने का लक्ष्य बना रही है। रिन्यूएबल ऑर्डर मिलने की दर पहले के 7 से 8 गीगावॉट से बढ़कर वित्त वर्ष 26 में अनुमानित 12 गीगावॉट हो चुकी है।

कंपनी का रिन्यूएबल ईपीसी पोर्टफोलियो 38 गीगावॉट है। वह सऊदी अरब और यूएई में बड़े स्तर वाली परियोजनाओं और 16 गीगावॉट प्रति घंटे वाली बैटरी प्रणाली परियोजना पर काम कर रही है। भारत में वह अलग-अलग स्थानों पर लगभग 600 मेगावॉट प्रति घंटा की बैटरी परियोजनाओं को अंजाम दे रही है।

एलऐंडटी हाई-वोल्टेज पारेषण में भी दिग्गज कंपनी है, जो भारत में 765 किलो वोल्टेज और 800 किलो वोल्टेज एचवीडीसी लाइनों तथा पश्चिमी एशिया में 400 किलो वोल्टेज तक की परियोजनाओं पर काम कर रही है। वह भारत में सामान्य रूप से हर वक्त ही 14 से 15 पारेषण और सबस्टेशन परियोजनाओं का संचालन करती है।

ग्रीन हाइड्रोजन श्रेणी में एलऐंडटी ने हजीरा में एक इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण इकाई लगाई है और अपनी खुद की तकनीक विकसित करने के लिए फ्रांस की मैकफी के साथ गठजोड़ किया है। उसने कांडला में 1 मेगावॉट का इलेक्ट्रोलाइजर चालू किया है और अब इसका और विस्तार करने पर विचार कर रही है।

कंपनी एक ग्रीन हाइड्रोजन परियोजना के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के साथ भी काम कर रही है। उसका मानना है कि स्वदेशीकरण से लागत कम करने में मदद मिलेगी। दास ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, 'बिजली की लागत कम होने की वजह से भी हम अपने खुद के इलेक्ट्रोलाइजर पर दांव लगा रहे हैं ताकि हम हाइड्रोजन को प्रतिस्पर्धी स्तरों के करीब ला सकें।'

# लाभांश देना हमारी प्राथमिकता में शामिल : अग्रवाल

**भाषा**
नई दिल्ली, 21 दिसंबर


अनिल अग्रवाल

**वेदांत** समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि लाभांश देना उनकी प्राथमिकता में शामिल है और प्रस्तावित विभाजन के बाद भी समूह की कंपनियां नियमित रूप से शेयरधारकों को लाभांश देती रहेंगी। अग्रवाल ने बताया कि समूह अपने विभिन्न कारोबारों में 20 अरब डॉलर के विस्तार कार्यक्रम को जारी रखेगा। धातु से तेल तक के कारोबार वाले वेदांत लिमिटेड का विभाजन प्रत्येक कारोबार को स्वतंत्र पहचान देने, मूल्य उजागर करने और पूंजी निवेश की प्रक्रिया को प्रभावित किए बिना नकद लाभांश जारी रखने के लिए किया जा रहा है।

राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को वेदांत को पांच अलग सूचीबद्ध कंपनियों में विभाजित करने की योजना को मंजूरी दी। विभाजन के बाद आधार धातु का कारोबार वेदांत लिमिटेड में रहेगा, जबकि वेदांत एल्युमीनियम, तलवंडी साबो पावर, वेदांत इस्पात एवं लौह और माल्को एनर्जी (तेल एवं गैस) अन्य चार सूचीबद्ध कंपनियां होंगी।

**प्रस्तावित विभाजन के बाद भी समूह की कंपनियां नियमित रूप से शेयरधारकों को लाभांश देती रहेंगी**

अग्रवाल ने कहा, 'लाभांश देना मेरे विचार का हिस्सा है। चाहे कोई भी परिस्थिति हो, हमारी कंपनियां नियमित लाभांश जारी करती रहेंगी।' उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक प्रति शेयर सात रुपये का पहला अंतरिम लाभांश और 16 रुपये का दूसरा अंतरिम लाभांश घोषित किया गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 29.50 रुपये प्रति शेयर और 2024-25 में लगभग 46 रुपये प्रति शेयर लाभांश वितरित किया। अग्रवाल ने बताया कि विभाजन मार्च 2026 तक पूरा होने की योजना है। उन्होंने कहा कि अगले चार से पांच वर्षों में वेदांत विभिन्न क्षेत्रों में कुल 20 अरब डॉलर का निवेश करेगी। इसमें तेल एवं गैस और एल्युमिनियम में चार-चार अरब डॉलर, जस्ता और चांदी में दो अरब डॉलर, विद्युत उत्पादन में ढाई अरब डॉलर और शेष निवेश लौह अयस्क, इस्पात और अन्य क्षेत्रों में किया जाएगा।

इसके साथ ही सीसा उत्पादन को चार लाख टन से बढ़ाकर 20 लाख टन प्रतिवर्ष करने का लक्ष्य है। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में जस्ता उत्पादन को वर्तमान 11.3 लाख टन से बढ़ाकर 20 लाख टन किया जाएगा। दक्षिण अफ्रीका में समूह की जिंक कंपनी से अतिरिक्त 10 लाख टन उत्पादन की योजना है, जिससे वेदांत विश्व के प्रमुख उत्पादकों में शामिल होगा। एल्युमिनियम कारोबार में समूह मौजूदा 30 लाख टन क्षमता को दोगुना करने की योजना बना रहा है।

राजस्थान में 5.10 लाख टन क्षमता का डाई-अमोनियम फॉस्फेट उर्वरक संयंत्र स्थापित किया जा रहा है, जिसे आगे चलकर 10 लाख टन तक बढ़ाया जाएगा। तेल एवं गैस क्षेत्र में उत्पादन को निकट भविष्य में तीन लाख बैरल प्रतिदिन और अगले चार-पांच वर्षों में पांच लाख बैरल प्रतिदिन तक बढ़ाने का लक्ष्य है।

**फार्मा के प्रमुख कच्चे माल पर एमआईपी से उम्मीद, एमएफएन भी फिलहाल बेअसर**

# स्थानीय बिक्री की सेहत सुधरने के आसार

**सोहिनी दास**
मुंबई, 21 दिसंबर

**चीनी** विनिर्माताओं की डंपिंग और काफी कम दामों से मुकाबला करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा कुछ प्रमुख फार्मास्युटिकल सामग्री पर न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) लगाने के फैसले से स्थानीय स्तर पर उत्पादित फार्मा के कच्चे माल की बिक्री बढ़ने के आसार हैं। उद्योग के अंदरूनी सूत्रों ने यह संभावना जताई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने पोटेशियम क्लैवुलनेट (जो एक लोकप्रिय एंटीबायोटिक की प्रमुख समग्री है) और इसके उपोत्पादों जैसी सामग्री के आयात पर न्यूनतम कीमत की सीमा तय की है और इसकी आयातित कीमत 180 डॉलर प्रति किलोग्राम बांधी गई है। एटोरवास्टेटिन कैल्शियम (कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवा) के सिंथेसिस में इस्तेमाल होने वाले एक अन्य महत्त्वपूर्ण इंटरमीडिएट एटीएस-8 की आयातित कीमत 111 डॉलर प्रति किलोग्राम तय की गई है। 18 दिसंबर की डीजीएफटी की अधिसूचना में कहा गया है कि कीमत पर ये न्यूनतम प्रतिबंध 30 नवंबर, 2026 तक लागू रहेंगे। फार्मेक्सिल के चेयरमैन नमित जोशी ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया कि यह कदम उन विनिर्माताओं की रक्षा के लिए अहम है, जो उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत फार्मा क्षेत्र की इन प्रमुख सामग्रियों का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'एमआईपी के जरिये पीएलआई के तहत आने वाले विनिर्माताओं की रक्षा महत्वपूर्ण है, वरना पूरी पीएलआई योजना विफल हो जाएगी।'

जोशी ने बताया कि क्लैवुलैनिक एसिड की स्थापित क्षमता लगभग 300 से 400 टन थी और जब पीएलआई शुरू हुई, तो तय की गई कीमत लगभग 195 डॉलर प्रति किलोग्राम थी। भारत ने पिछले साल पहली बार इस प्रमुख सामग्री को बनाना शुरू किया, जब मुंबई की किण्वन ने इस सामग्री के छोटे बैचों का उत्पादन करना शुरू किया और धीरे-धीरे इसे बढ़ाने की योजना बनाई। कंपनी ने 300 टन की क्षमता वाला संयंत्र पर 400 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया।

उद्योग के सूत्र ने बताया, 'जैसे ही किण्वन ने इस उत्पाद का व्यवसायीकरण शुरू किया, तो चीनी कंपनियों ने इस सामग्री की कीमतें घटाकर 135 डॉलर प्रति किलोग्राम कर दीं। इस कारण किण्वन को अपना उत्पाद नुकसान में बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा। पीएलआई लेने वाली कई कंपनियों के साथ ऐसा हुआ है - जैसे ही व्यवसायीकरण शुरू होता है, चीनी कंपनियों की जरूरत से ज्यादा कम कीमतें उन्हें बुरी तरह प्रभावित करता है।' इस तरह भारत यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि कुछ प्रमुख बल्क दवाओं को एमआईपी से कम कीमत पर आयात न किया जा सके। लेकिन इस कदम से भारतीय कंपनियों की विनिर्माण लागत भी बढ़ सकती है। गुजरात की एक छोटी फार्मा फर्म ने कहा, 'चूंकि ज्यादातर जरूरी दवाओं की कीमतें तय हैं, इसलिए विनिर्माता कंपनियां कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी का बोझ ग्राहकों पर नहीं डाल पाएंगी। या तो इससे ये उत्पाद घाटे का सौदा बन जाएंगे या फिर सरकार को कुछ उत्पादों की कीमतें बढ़ाने की अनुमति देनी होगी।'

**जेएचएस स्वेन्डगार्ड लेबोरेटरीज लिमिटेड**
कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L74110HP2004PLC027558
रजि. कार्यालयः त्रिलोकपुर रोड, खेड़ी कला-अंब, तहसील-नाहन, जिलाः सिरमौर, हिमाचल प्रदेश-173030
फोन नं. 011-26900411 फैक्स नं. 011-26900434
वेबसाइटः www.svendgaard.com ईमेलः cs@svendgaard.com

**भौतिक शेयरों के स्थानांतरण अनुरोधों को पुनः दर्ज करने के लिए विशेष विंडो**

प्रिय सदस्य(यों),

सेबी परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/ MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांक 02 जुलाई 2025 के अनुसरण में, कंपनी के शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि हस्तांतरण विलेखों को पुनः दर्ज करने के लिए 07 जुलाई 2025 से 06 जनवरी 2026 तक एक विशेष विंडो खोली गई है।

शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि यह विंडो केवल उन हस्तांतरण विलेखों को पुनः दर्ज करने के लिए है, जो 1 अप्रैल, 2019 की समय सीमा से पहले भौतिक शेयरों के हस्तांतरण के लिए जमा किए गए थे, और दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमियों के कारण अस्वीकार/वापस कर दिए गए थे/जिन पर ध्यान नहीं दिया गया था या जिन्हें 31 मार्च, 2021 तक फिर से जमा नहीं किया जा सका था।

जो शेयरधारक इस अवसर का लाभ उठाना चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे हमारे शेयर ट्रांसफर एजेंट, अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, 4ई/2 झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 पर संपर्क करें। कंपनी की वेबसाइट, www.svendgaard.com को इस विशेष विंडो के खुलने के बारे में जानकारी के साथ अपडेट कर दिया गया है, और आगे कोई भी अपडेट होने पर उसे वहीं अपलोड किया जाएगा।

बोर्ड के आदेश द्वारा
एसडी/-
कोमल झा
कंपनी सचिव

दिनांक 21.12.2025
स्थानः नई दिल्ली

**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड**
(पूर्व का श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

**माँग सूचना**

पंजीकृत कार्यालय : श्रीनिवास टॉवर, प्रथम तल, द्वार नं. 5, पुराना नं. 11, द्वितीय लेन, सेनाटोफ रोड, अलवरपेट, तेयनाम्पेट, चेन्नई-600018, मुख्य कार्यालय : लेवल 3, वॉकहार्ट टावर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051,
वेबसाइट : www.truhomefinance.in

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कर्जदारों ने **ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व की श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)** से प्राप्त ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है और उक्त ऋण खातों को गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है, उन्हें वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफैसी अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर मांग सूचना जारी की गयी थी। उक्त मांग सूचना के अलावा, उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया गया है।
कर्जदारों, प्रतिभूतियों, बकाया राशि, धारा 13(2) के अंतर्गत भेजी गई मांग सूचना और उसके अंतर्गत दावाकृत राशि का विवरण निम्नानुसार हैः-

| कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों) का नाम तथा पता | प्रतिभूत आस्तियों का सम्पत्ति पता | मांग सूचना की तिथि तथा बकाया राशि रु. में |
|---|---|---|
| 1. मैसर्स पवन कुमार एंड संस (प्रोपराइटर कपिल गर्ग पुत्र पवन कुमार) 2. श्रीमती शिल्पी गर्ग पत्नी कपिल गर्ग 3. श्री कपिल गर्ग पुत्र पवन कुमार पता - मकान नंबर 1791- ए-1 एनए विष्णु गार्डन एक्सटेंशन निकट शिभू मक्खन धर्मशाला जगाधरी यमुना नगर हरियाणा-135003. फोन :9096062320 इसके अलावा:- रेलवे रोड जगाधरी, यमुनानगर हरियाणा 135003 ऋण राशि - रु.1437856/- लैन- **TLPHAMLA0000350** और ऋण राशि - रु. 459929/- लैन- **TLPHAMLA0000351** एनपीए दिनांक-04.12.2025 | एक आवासीय मकान/सम्पत्ति/जमीन/फ्लैट/सम्पत्ति/कमर्शियल/कमर्शियल दुकान का समस्त भाग, सम्पत्ति आईडी **1K24VEB0** और पुराना सम्पत्ति आईडी **120C18U154**, माप 32.67 वर्ग गज, रेलवे बाजार रोड, चोरटियां गली, जगाधरी, तहसील जगाधरी, ज़िला यमुनानगर में यमुनानगर-जगाधरी नगर निगम की सीमा के अंदर स्थित है, जिसका मालिकाना हक पंजीकृत अंतरण विलेख नंबर 11332 दिनांक 08.02.2024 के तहत है, जो उप रजिस्ट्रार, जगाधरी के पास पंजीकृत है। सीमाएँ :- उत्तर: 15'-7" दूसरे की सम्पत्ति, दक्षिण: 15'-7" गली, पूर्व: 19-3" कॉमन दीवार और मंजू गर्ग की सम्पत्ति, पश्चिम: 18'-6" संजीव गर्ग की दुकान | मांग सूचना की तिथि - 11-12-2025 10/12/2025 तक रु. 1614712/- और भावी ब्याज, अन्य खर्च, लागत आदि के साथ और 10/12/2025 तक रु. 519787/- और भावी ब्याज, अन्य खर्च, लागत आदि के साथ। |
| 1. श्री गौरव धवन पुत्र श्री दविंदर धवन 2. मैसर्स साई एंटरप्राइजेज (प्रोपराइटर गौरव धवन पुत्र श्री दविंदर धवन) 3. श्रीमती राजन पत्नी श्री दविंदर धवन पता:- 42 एनए अग्रसेन नगर, अंबाला कैंट अंबाला हरियाणा-133001. फोन: 0006129241 इसके अलावा:- मकान नंबर 304 ए ग्राउंड फ्लोर, रविदास नगर गांव नग्गल मंदिर के पास, अंबाला कैंट अंबाला. हरियाणा-133001. इसके अलावा:- मकान नंबर 138 दयाल बाग, अंबाला कैंट अम्बाला जीपीओ अंबाला हरियाणा-133001. इसके अलावा:- 78-बी प्रगति विहार बीडी फ्लोर मिल, अंबाला कैंट करधन, शालीमार बाग के पास, अंबाला कैंट अम्बाला. हरियाणा-133001. ऋण राशि - रु.2288963/- लैन- **SHLHAMLA0000171** एनपीए दिनांक-04.12.2025 | एक आवासीय सम्पत्ति का पूरा हिस्सा, जिसका माप बिक्री विलेख संख्या 682 दिनांक 7/6/2024 के अनुसार है, एक सम्पत्ति जो प्लॉट नंबर 5 का हिस्सा है, पुराना आईडी नंबर **150C1488U244** का हिस्सा, नया आईडी नंबर **3AAWO8G0** का हिस्सा, गाँव सालरहेड़ी तहसील अंबाला कैंट पूजा विहार, ज़िला अंबाला में स्थित है, हदबस्त नंबर 128, खेवट नंबर 506, खतौनी नंबर 692, खसरा नंबर 16//6 जिसका माप (101 वर्ग गज) है, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर:- भुजा 55 फीट और प्लॉट मालिक प्रमोद, दक्षिण:- भुजा 55 फीट और दूसरे का प्लॉट पूर्व:- भुजा 16 फीट 6 इंच पश्चिम:- भुजा 16 फीट 6 इंच और 20 फीट चौड़ी सड़क | मांग सूचना की तिथि - 11-12-2025 09/12/2025 तक रु. 2380225/- और भावी ब्याज, अन्य खर्च, लागत आदि के साथ। |

इसलिए आप कर्जदारों से अनुरोध है कि आप इस सूचना के 60 दिनों के भीतर ऊपर बताए गए बकाया राशि का पूरा भुगतान करें, अन्यथा अधोहस्ताक्षरी उपरोक्त प्रतिभूतियों को प्रवर्तित करने के लिए सरफैसी अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा। कृपया ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको हमारी सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त संदर्भित प्रतिभूतियों को स्थानांतरित करने से निषिद्ध किया जाता है।

स्थानः करनाल (हरियाणा)
दिनांकः 22.12.2025

ह./ अधिकृत प्राधिकारी- ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व का श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

# अमेरिकी मूल्य निर्धारण का भारतीय कंपनियों पर नहीं दिखेगा तुरंत असर!

**संकेत कौल**
नई दिल्ली, 21 दिसंबर

**अमेरिकियों** के लिए पर्चे पर लिखी दवाओं की कीमतों को अन्य विकसित देशों की सबसे कम कीमतों के बराबर लाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के कदम से भारतीय दवा कंपनियों पर तुरंत असर पड़ने की संभावना नहीं है। विश्लेषकों और विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताया है।

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को जीएसके, मर्क, नोवार्टिस और सैनोफी सहित फार्मास्युटिकल क्षेत्र की 9 कंपनियों के साथ सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के अपने मूल्य निर्धारण का खुलासा किया था। विश्लेषकों का कहना है कि एमएफएन की इस नीति का मुख्य लक्ष्य पेटेंट वाली दवाएं हैं और इससे भारत पर शायद असर न पड़े, क्योंकि भारत की आम तौर पर जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति में बड़ी भूमिका है।

भारत कुल बाजार की लगभग 40 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अमेरिका का सबसे बड़ा जेनेरिक आपूर्तिकर्ता है। अमेरिका भारतीय फार्मास्युटिकल कंपनियों के लिए 10.52 अरब डॉलर का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है और उसने वित्त वर्ष 2024-25 में देश के कुल 30.38 अरब डॉलर के फार्मा निर्यात में 34.6 प्रतिशत का योगदान दिया है।

अलबत्ता एमएफएन के मूल्य निर्धारण के कारण वैश्विक मूल्य निर्धारण के बेंचमार्क में बदलाव से भारतीय जेनेरिक विनिर्माताओं पर परोक्ष असर हो सकता है। एक फार्मा कंपनी के अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'अगर अमेरिका के दबाव के कारण कम और मझोली आय वाले देशों (एलएमआईसी) में रेफरेंस कीमतें बढ़ती हैं, तो भारतीय निर्यातकों को उन बाजारों में ज्यादा प्रतिस्पर्धा या कम मार्जिन का सामना करना पड़ सकता है।'

### अमेरिका ने उठाया है कदम

- अमेरिका के राष्ट्रपति ने शुक्रवार को फार्मास्युटिकल क्षेत्र की 9 कंपनियों के साथ सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के अपने मूल्य निर्धारण का खुलासा किया था
- कुल बाजार की लगभग 40 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अमेरिका का सबसे बड़ा जेनेरिक आपूर्तिकर्ता है भारत

इसी तरह अन्य प्रभावों में दवा विनिर्माताओं द्वारा कम कीमत वाले बाजारों में नई दवाएं पेश करने में देर करना या फिर अमेरिका में कीमतों को अधिक स्तर पर बनाए रखने के लिए विकासशील देशों में भी नई दवाएं अधिक कीमतों पर पेश करना शामिल है। विश्लेषकों का यह भी मानना है कि सन फार्मा जैसी दवा विनिर्माताओं पर भी अमेरिका में उसके खास दवा वाले पोर्टफोलियो पर कुछ असर पड़ सकता है।

मई के आसपास नुवामा की रिपोर्ट में कहा गया था कि सन फार्मा के बेहतर उत्पाद संयोजन से उसकी अधिक परिचालन लागत और कर दर के प्रभावों की आंशिक रूप से भरपाई हो सकती है। इसमें कहा गया था, 'लेकिन संभावित टैरिफ और एमएफएन के मूल्य निर्धारण के अनुसार दामों में फेरबदल के संबंध में अनिश्चितता से भविष्य की कमाई में कटौती हो सकती है।' निवेशकों को दी गई रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 26 की पहली छमाही में कंपनी की अमेरिकी बिक्री 8,216 करोड़ रुपये रही। टिप्पणी के लिए सन फार्मा से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका।

# 2025 में विलय व अधिग्रहण बेशुमार

पृष्ठ 1 का शेष

**ग्रांट** थॉर्नटन भारत के डीलट्रैकर के अनुसार, नवंबर 2025 में निजी इक्विटी लेनदेन 2022 के बाद सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया। ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट के अनुसार, रणनीतिक सौदों और कम मूल्य वाले सौदों के प्रति आकर्षण के साथ विलय-अधिग्रहण की रिकॉर्ड संख्या दर्ज की गई।

सलाहकार फर्म कियर्नी के पार्टनर और प्रमुख (निजी इक्विटी और विलय-अधिग्रहण) सुमत चोपड़ा ने कहा कि लाभप्रद निजी इक्विटी निवेश के इस अगले दौर में भारत को परिचालन संबंधी बदलाव और गहरी भागीदारी की आवश्यकता है। ऐसा तभी हो सकता है जब ज्यादातर कंपनियों में बहुलांश अथवा नियंत्रण योग्य हिस्सेदारी हो। पिछले कुछ वर्षों के दौरान तमाम प्रवर्तकों ने अपने कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है और वे अब निजी इक्विटी निवेशकों को लाना चाहते हैं जो कारोबार पेशेवर तरीके से विस्तार दे सकें। इससे लेनदेन में उछाल आई है। शुरू में ऐसी गतिविधियां प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सेवा कंपनियों में अधिक दिखीं, लेकिन आगे उसमें बदलाव हो सकता है।

चोपड़ा ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि औद्योगिक एवं विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में जबरदस्त तेजी दिखेगी।' उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा, उपभोक्ता और अक्षय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भी आने वाले समय में अधिग्रहण गतिविधियां बढ़ने की संभावना है।

साल 2008 में पेशकश रकम के हिस्से के तौर पर अधिग्रहण की रकम 91 फीसदी थी। मगर यह साल 2025 में अब तक 31 फीसदी रही। खुली पेशकश को पूरा होने में कई महीने लगते हैं जिससे अधिग्रहण की अंतिम रकम भी प्रभावित हो सकती है। उदाहरण के लिए, अगर कोई कंपनी अक्टूबर में खुली पेशकश लाती है तो वह पेशकश रकम का तुरंत उपयोग नहीं कर सकती है।

हल्दिया के अनुसार, अगर शेयरधारक खुली पेशकश के लिए तय मूल्य से अधिक की उम्मीद कर करते हैं तो मूल्य निर्धारण में अंतर भी अधिग्रहण की रकम में कमी का एक कारण हो सकता है।

### वाइब्रेंट के लिए आईनॉक्स क्लीन का अंतिम करार

**आईनॉक्स** क्लीन एनर्जी लिमिटेड ने ऑस्ट्रेलिया की मैक्वेरी कॉर्पोरेट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य शेयरधारकों के साथ वाइब्रेंट एनर्जी के अधिग्रहण के लिए अंतिम समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। वाइब्रेंट एनर्जी की कुल स्थापित क्षमता 1,337 मेगावॉट है। नोएडा स्थित आईनॉक्स जीएफएल समूह की इस कंपनी ने लेनदेन की राशि सार्वजनिक नहीं की है। *भाषा*

# टाइटन की नजर 1 अरब डॉलर की बिक्री पर

**प्रमुख** घड़ी और आभूषण निर्माता टाइटन अपने घड़ी व्यवसाय को लेकर काफी आशावादी है और उसने उम्मीद जताई कि अगले दो वर्षों में इसकी बिक्री एक अरब डॉलर के स्तर को छू लेगी। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि प्रीमियम उत्पादों को प्रोत्साहन, खुदरा नेटवर्क के विस्तार और अंतरराष्ट्रीय कारोबार के बल पर यह लक्ष्य हासिल करने की तैयारी है। टाइटन के घड़ी प्रभाग के मुख्य कार्य अधिकारी कुरुविल्ला मार्कोस ने बताया कि पिछले चार-पांच वर्षों में कंपनी ने लगभग 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। आगे की वृद्धि के लिए कंपनी प्रीमियम खंड पर ध्यान केंद्रित कर रही है। टाइटन भारत में लक्जरी घड़ियों की बढ़ती मांग को देखते हुए अपने हेलिओस और हेलिओस लक्स फॉर्मेट का नेटवर्क बढ़ा रही है।




उन्होंने कहा, 'प्रीमियम और लक्जरी खंड में 30 प्रतिशत से भी अधिक की तेज वृद्धि की संभावना है।' मजबूत आर्थिक स्थित, बढ़ती व्यक्तिगत आय और बड़ी युवा आबादी जैसे कारकों के चलते टाइटन भारत के घड़ी बाजार को लेकर बेहद आश्वस्त है। मार्कोस ने कहा, 'हम भारत को लेकर बहुत आशावादी हैं। प्रीमियम और लक्जरी खंड तेजी से बढ़ेंगे।' एक लाख रुपये से ऊपर की घड़ियां लक्जरी खंड में आती हैं। इनकी बिक्री हेलिओस और हेलिओस लक्स स्टोर्स के जरिये होती है। *भाषा*

**चंडीगढ़ संस्करण** : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा सी/ओ आइडिया को वर्किंग, तृतीय तल, एस.सी.ओ 32, 33, 34 सेक्टर-17-सी, चंडीगढ़-160017 से प्रकाशित एवं तन्मय महेश्वरी, इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं.-22, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, पंचकूला-134115, हरियाणा से मुद्रित
संपादक : कैलाश नौटियाल, पीआरजीआई रजिस्ट्रेशन नं. CHAHIN/2008/24509 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
स्वामित्व : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें - सुश्री मानसी सिंह, हेड-कस्टमर रिलेशन्स। बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल : subs_bs@bsmail.in या 57575 पर REACHBS एसएमएस करें। कोई हवाई अधिभार नहीं